हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 764/2018 अनवान हनुमानराम बनाम बॉकाराम वगैरा**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत भूरटिया पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 11.12.2021 को राजीव गांधी सेवा केन्द्र भूरटिया पर पेश हो। सहायक कलक्टर (SDO) बाड़मेर	
11.12.2021	पत्रावली ग्राम पंचायत मुख्यालय भूरटिया, राजीव गांधी सेवा केन्द्र भूरटिया, पर पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि यह आवेदन दिनांक 10.08.2018 को प्रस्तुत किया है। वाद पत्रावली एवं आवेदन के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि प्रार्थी हनुमानराम पुत्र केसराराम जाति जाट निवासी जगसिंहपुरा (भूरटिया) तहसील एवं जिला बाड़मेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रथम दृष्टया प्रकरण प्रार्थी के पक्ष में प्रतीत नही होता है और न ही सुविधा का सन्तुलन प्रार्थी के पक्ष में है। यदि यह आवेदन खारिज किया जाता है, तो प्रार्थी पक्ष को अपूरर्णीय क्षति होने की संभावना प्रतीत नही होती है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निराधार होने से खारिज किया जाता है। निर्णय मजमेआम में सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (SDO) बाड़मेर	